# पहली बारिश में सड़क दो फाड़, राहगीरों की आफत



**ब्योहारी,देशबन्धु।** पहली बरसात में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी रीवा ब्यौहारी टेटका सड़क बनी सड़क जोरा के पास इस भ्रष्ट प्रशासन की पोल खोल दी जनता को विकास के नाम पर खोखले कार्यों से अपना जेब भर रहे भाजपा के लोग व एमपीआरडीसी के कर्मचारी अभी कुछ समय पहले बनी सड़क की यह हालत भाजपा राज में चल रहे भारी भ्रष्टाचार की पोल खोलती है प्रदेश के हर विभाग में भाजपा के प्रभारी मंत्री विधायक सांसद सब मिलकर बंदरबांट करते हैं और आवाज उठाने पर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसी बातों से जनता को मूर्ख बनाया जाता है ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी कलेक्टर महोदय शहडोल से इस मामले पर उच्च स्तरीय जांच की मांग करती है और इस भ्रष्टाचार में शामिल सभी लोगों पर कड़ी कार्रवाई का अनुरोध करते हैं अन्यथा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी आगामी शनिवार को जंगी प्रदर्शन कर इन भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध हल्ला बोल करेगी।

## एनएच-43 बदहाल, आवागमन मुश्किल

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाली एनएच-43 की सड़क के निर्माणाधीन हिस्सों में मिट्टी और बड़े-बड़े गड्ढों की वजह से यातायात बाधित हो रहा है। बारिश के कारण कीचड़ में बाइक फिसलने से कई दुर्घटनाएं हो रही हैं। बस, ट्रक और कार चालकों को भी परेशानियो निर्माणाधीन सड़क पर मिट्टी और गड्ढों से यातायात प्रभावित, बाइक सवार हो रहे हैं घायल संभागीय प्रबंधक शहडोल अवधेश स्वर्णकार ने गुरुवार को बताया कि निर्माणाधीन हिस्सों में मिट्टी के ऊपर बजरी और गिट्टी डाली जा रही है। इसके बाद रोलर से दबाई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि कुछ हिस्सों में जल्द ही सुधार कर दिया जाएगा, ताकि लोगों को परेशानी न हो। प्रबंधक ने बताया कि उन्होंने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कर लिया है।



# गाज गिरने से किसान और बकरी की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के हरपालपुर क्षेत्र में मानसून की दस्तक के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे हरपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर के बस स्टैंड के पास खेत में बुआई कर रहे एक किसान की आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद खेत में काम कर रहे अन्य किसानों ने घायल किसान को देखा तो आनन-फानन में ट्रैक्टर की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। लेकिन, अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं था। काफी देर तक इलाज के इंतजार के बाद अस्पताल के मेडिकल स्टाफ ने किसान को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, राजेंद्र सिंह (55), पिता बाबू सिंह, निवासी वार्ड 12, पुलिस लाइन के पीछे बुधवार दोपहर को बकरियों के साथ बस स्टैंड के पास खेत में बुआई करने गए थे। दोपहर लगभग ढाई बजे अचानक मौसम ने करवट ली और बूंदाबांदी शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए राजेंद्र खेत में बनी कोठी के दरवाजे पर जाकर बैठ गए। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली पास ही गिर पड़ी। बिजली गिरते ही राजेंद्र गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगे। आसपास के लोगों ने उन्हें देखा तो तुरंत ट्रैक्टर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।



## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुर्रा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 24 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला अपने घर से खेत पर बने दूसरे घर की ओर जा रही थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना शाम लगभग 7 बजे की है। बेलाबाई पति ओमकार बस्ती स्थित घर से खाना बनाकर खेत पर बने घर पर ले जा रही थीं। पूरा परिवार वहां पहले से मौजूद था। इस दौरान तेज बारिश के साथ जोरदार गड़गड़ाहट हुई और आकाशीय बिजली गिर गई। आसपास के लोग तुरंत महिला की ओर भागे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई।

## सार-समाचार

### जिले में 24.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**शहडोल, देशबन्धु।** अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 25 जून को जिले में कुल 24.9 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 2.0 मिमी, बुढ़ार में 10.0 मिमी, गोहपारू में 36.0 मिमी, जैतपुर में 42.0 मिमी, चन्नौड़ी में 22.0 मिमी, ब्यौहारी में 12.0 मिमी, जयसिंहनगर में 50.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 102 मिमी., बुढ़ार में 84 मिमी., गोहपारू में 100 मि.मी., जैतपुर में 238 मिमी, चन्नौड़ी में 204 मिमी., ब्यौहारी में 108 मिमी, जयसिंहनगर में 50 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक औसत वर्षा 77.9 मिमी. दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 126.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### रीजनल इंडस्ट्री स्किल एवं एम्प्लायमेंट कार्यक्रम आज

**शहडोल, देशबन्धु।** प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शहडोल श्रीमती जूही खटीक ने जानकारी दी है कि रतलाम जिले में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सानिध्य में रीजनल इंडस्ट्री स्किल एवं एम्प्लायमेंट (ऋ्क्षस्श्व) कॉनक्लेव का आयोजन 27 जून 2025 को प्रात 11.30 बजे से किया जाएगा। जिसका वर्चुअली प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में किया जाएगा एवं विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजनाओं के हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री रतलाम से देंगे निवेश परियोजनाओं की सौगात

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में औद्योगिक विकास, कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन को समर्पित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड इम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन 27 जून को रतलाम में होने जा रहा है। यह आयोजन प्रदेश में रोजगार सृजन, उद्यमिता संवर्धन और आत्मनिर्भरता के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की सिद्धी की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। एमपी राइज 2025 आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को दिशा देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर रतलाम में एमपी राइज 2025 कॉन्क्लेव का शुभारंभ कर रोजगारमूलक औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इस कॉन्क्लेव की थीम सफल उद्यमी, समृद्ध उद्योग, समावेशी विकास है। इसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग और तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की सक्रिय भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम का आयोजन औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### सर्पदंश से बचाव के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जारी की एडवायजरी

**शहडोल, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि वर्षाकाल में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। सर्पदंश से बचाव हेतु घबराने की जगह बिना समय खोए निकटमत स्वास्थ्य केन्द्र में पहुचकर उपचार कराने की जरूरत होती है। उन्होंने एडवायजरी जारी करते हुए जन सामान्य को सलाह दी है कि वे वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें। खेतों में कार्य करते समय जूते पहनें, गहरे रंग के कपड़े पहनें और हाथों में दस्ताने लगाएं। झाड़ियों, पुआल के ढेर, लकड़ी के गट्ठर आदि स्थानों में काम करने से पहले वहां डंडे या लाठी से हल्का प्रहार करें।

अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और बच्चों को बिना देखरेख खुले स्थानों पर न भेजें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाड़ियाँ काटें और कूड़ा-कचरा हटाएं। घरों की दीवारों में मौजूद दरारें बंद करें और खुले में सोने से परहेज़ करें। यदि किसी को सर्प ने डस लिया हो तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुँचें। घाव को चाकू से काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक है। झाड़-फूंक, टोना-टोटका या तांत्रिक क्रियाओं में समय नहीं गवाएं। यह समय जीवन रक्षक हो सकता है, इसलिए हर क्षण अमूल्य है। सर्पदंश ग्रसित व्यक्ति को यथाशीघ्र अस्पताल ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग, लंबाई या कोई चित्र याद रखें लेकिन उसे मारने या पकड़ने का प्रयास न करें, इससे और खतरा हो सकता है। कई बार सांप विषैला नहीं भी होता है, पर उपचार में देर जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे सर्प-दंश से संबंधित इस आपदा को गंभीरता से लें। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंध तभी प्रभावी होंगे जब नागरिक स्वयं भी सावधानी बरतेंगे, समय पर उपचार लेंगे और जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे। संयुक्त प्रयासों से ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को नियंत्रित किया जा सकता है।

# उमरिया में वन सुरक्षा अभियान में लगे 150 अधिकारी-कर्मचारी, वन सीमा की कर रहे जांच

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के वन मंडल में 15 जून से 30 जून तक वन सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत चंदिया, उमरिया, नौरोजाबाद, पाली और घुनघुटी परिक्षेत्र की करीब 100 बीट में कार्रवाई की जा रही है। वन रक्षक के साथ अधिकारी भी अभियान को लेकर जंगल जा रहे हैं। वृक्षारोपण वाले क्षेत्रों में टीम निरीक्षण के साथ अतिक्रमण भी हटा रही है।

15 दिवसीय अभियान में बडे वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का अनुमान लगाया जा रहा है।वन मंडलाधिकारी विवेक सिंह के अनुसार, अभियान का मुख्य उद्देश्य वनों की सीमाओं का सत्यापन और अतिक्रमण हटाना है। इस कार्य में लगभग 150 अधिकारी और कर्मचारी लगे हुए हैं। अनुविभागीय अधिकारी वन कुलदीप त्रिपाठी ने बताया कि वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह



विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बीट की सीमाओं पर स्थित मुनारों का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही वन क्षेत्रों की सीमाओं का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं।

# बिरसिंहपुर में आज 7 घंटे बिजली कटौती

- **220 केवी उपकेंद्र में ट्रांसफॉर्मर पर रिले स्थापना का काम, 11 फीडर प्रभावित होंगे**

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र में 27 जून को बिजली कटौती होगी। कार्यपालन अभियंता अभिषेक ठाकुर ने बताया कि 220 केवी उपकेंद्र बिरसिंहपुर में 132/33 केवी के 40 एमवीए ईमको ट्रांसफॉर्मर में सेकंड डिफरेंशियल रिले की स्थापना की जाएगी।

बिजली कटौती सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी। इस दौरान कई क्षेत्र प्रभावित होंगे। इनमें 11 केवी मुदरिया और गिंजरी फीडर क्षेत्र शामिल हैं। साथ ही घुनघुटी बाघमारा और पतनार कला फीडर क्षेत्र भी प्रभावित होंगे।

नौरोजाबाद टाउन, छांदाकला और पटपरा फीडर से जुड़े इलाके भी बिजली कटौती का सामना करेंगे। बीएंडई टाइप, हाइडल, सीएंडडी



टाइप, एफ टाइप पाली प्रोजेक्ट और हॉस्पिटल फीडर क्षेत्र में भी बिजली नहीं रहेगी। रहठा घुलघुली से संबंधित सभी क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

विभाग ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार, बिजली कटौती की अवधि को घटाया या बढ़ाया जा सकता है। उपभोक्ताओं से वैकल्पिक व्यवस्था करने और सहयोग करने की अपील की गई है।

# दादूराम को मिला नवीन खेत तालाब, फसलों की सिंचाई होगी आसान

**शहडोल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से सरकार और समाज दोनों को मिलकर पुरानी जल संरचनाओं में जल भरण, जल के प्रबंधन तथा नये जल संरचनाओं का निर्माण किया है। 'जल' जीवन का अभिन्न अंग है, और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है।

शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के रहने वाले श्री दादूराम सिंह को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवीन खेत तालाब



का निर्माण कार्य कराया गया है। खेत तालाब बनने से श्री दादू राम सिंह को वर्षा के अंतराल के दौरान फसल की सिंचाई के लिए अब परेशान नही होना पडेगा । श्री दादूराम सिंह और उनका परिवार बहुत खुश है। श्री दादूराम ने कहा कि मेरी आर्थिक स्थिति बेहतर नही थी कि मै फसलों की सिंचाई या अन्य कार्य के लिए सिंचाई का साधन जुटा सकूं। खेती का कार्य पूरी तरह मानसून पर निर्भर रहना पड़ता था जिस वर्ष अच्छी बारिश नही होती थी तो उस वर्ष सिंचाई का साधन न होने के कारण फसले सूख जाती थी।

नवीन खेत तालाब के निर्माण हो जाने से सिंचाई की समस्या से निजात मिली है और फसलो की अच्छा पैदावार होने से आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। खेत तालाब में मछली पालन तथा सब्जी का भी उत्पादन कर सकेंगे। मै माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से हमारे खेत में नवीन खेत तालाब निमार्ण के लिए अनुदान उपलब्ध कराया गया।

## बैगा हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास प्राथमिकता से स्वीकृत कराएं : कलेक्टर

**शहडोल, देशबन्धु।** समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पात्र बैगा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए जाते हैं। योजना का संचालन विगत 02 वर्षों से किया जा रहा है। ऐसे बैगा जनजाति के पात्र हितग्राही जिनके पास स्वयं का आवास नहीं है, और अभी तक आवास स्वीकृत नहीं किए गए हैं, वे हितग्राही संबंधित ग्राम पंचायतों में अपना आवेदन करें। इसके साथ ही इसकी सूचना ब्यौहारी जनपद पंचायत में राहुल द्विवेदी मो.नं. 9893037391, बुढ़ार जनपद पंचायत में श्री दीपक पटेल मो. नं. 9893206948, गोहपारू जनपद पंचायत में किरण प्रसाद मो. नं. 7987745010, जयसिंहनगर जनपद पंचायत में राघवेन्द्र सिंह मो. नं. 8120432519 तथा सोहागपुर जनपद पंचायत में कैलाश सिंह बघेल मो. नं. 8226915364 पर दे सकते हैं।

## एक सप्ताह के भीतर करें राहत राशि का वितरण : कलेक्टर

**शहडोल, देशबन्धु।** राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व पुस्तक परिपत्र में प्रावधानित नियमों के अनुसार प्रभावित परिवारों को राजस्व अधिकारी एक सप्ताह के भीतर राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह, सीईओ जिला पंचायत नरेंन्द्र सिंह, एसडीएम जैतपुर अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, अन्तोनिआ एक्का, ज्योति परस्ते तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने राजस्व से संबंधित रिकार्ड सुधार, सीमांकन, अतिक्रमण के प्रकरणों, डायवर्सन, नामांतरण, राजस्व वसूली, खजिन आरआरसी के प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। वरिष्ठ कार्यालयों से चाहे गए प्रतिवेदनों की जानकारी भी समय-सीमा में प्रेषित कर दी जाए।

## भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के लिए निर्धारित रूट को व्यवस्थित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**शहडोल, देशबन्धु।** जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में विराट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में आगामी त्यौहार आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील शान्ति समिति के सदस्यों ने जिले वासियों से की है। बैठक में 27 जून 2025 को आयोजित की जाने वाली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 06 जुलाई को मोहर्रम पर्व की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, डीएसपी श्री राघवेन्द्र द्विवेदी, टीआई श्री राघवेन्द्र तिवारी, यातायात प्रभारी, नगरपालिका के अधिकारी, शान्ति समिति के सदस्य श्री गिरधर सिंह, चन्द्रेश द्विवेदी, दिनेश अग्रवाल, संजीव निगम, शानउल्लाखान, पदम खेमका सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि 27 जून को जिला मुख्यालय शहडोल में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जानी है, रथ यात्रा का मार्ग निर्धारित है। जिन मार्गों से रथ यात्रा निकलेगी उन मार्गों का टीआई कोतवाली विद्युत विभाग तथा नगरपालिका के अधिकारियों की संयुक्त टीम भ्रमण कर जहां-जहां मार्ग में गड्ढे भरने तथा बिजली के तारों को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है, वे सभी कार्य पूरे करा लिए जाए। रथ यात्रा 27 जून को मध्यान्ह 2 बजे मोहनराम मंदिर श्री प्रारंभ होगी तथा निर्धारित रूट में भ्रमण करते हुए रात्रि 8 बजे तक पूरी कर पंचायती मंदिर में पहुंचेगी।

# अल्टाटेक सीमेंट कम्पनी की पर्यावरणीय जन सुनवाई आयोजित

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के पाली विकास खंड के धौरई ग्राम पंचायत में अल्टाटेक सीमेंट कंपनी की स्वीकृति भूमिगत कोल खदान की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई धौरई ग्राम पंचायत के प्रांगण में आयोजित की गयी। जन सुनवाई में पर्यावरण अधिकारी श्रीवास्तव शहडोल और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली अंबिकेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर अल्टाटेक कंपनी की ओर से खेमी रेड्डी ने कोल परियोजना की प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जन समुदाय को बतलाया की अर्जुनी इस्ट भूमिगत कोल खदान जिसमें बडवाही, धौरई, अर्जुनी और पहडिया गाँव के बीच यह भूमिगत खदान संचालित की जायेगी, जो कि 1044.819 हेक्टेयर भूमि अर्जित कर 27 वर्षों तक प्रतिवर्ष 1.36 मीलियन टन कोयला का उत्पादन किया जायेगा।कोल परियोजना में 556 करोड़ रूपये लागत आयेगी। आज की जनसुनवाई कोल अधिनियम 2016 के अनुरूप आयोजित की गयी है, जिसके तहत टर्मस आफ अपर्जवेशन जो बनाया गया है उसमें परियोजना के संचालन में समुदाय की ओर से आये सुझावों को जोडकर आगे की कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

आपने अपने उदबोधन में बतलाया की हम 70 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कृत संकल्पित है। भूमिगत



**शासन के मापदंडों के अनुरूप संचालित होगी खदान**

खदान मे यद्यपि अन्य उद्योगों के अनुपात में पर्यावरण को कम नुकसान होता है, फिर भी पर्यावरणीय छति तो होती है, और उसके भरपाई के लिए हम शासन के निर्देशों का पालन करने के लिए कटिबद्ध है। आपने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए वृक्षारोपण, जल प्रदूषण से निपटने के लिए फील्टर प्लांट, जल की कमी के लिए जल संचय आदि की उत्तम व्यवस्था करने की बात कही। श्री रेड्डी जी ने जन सुनवाई में उठायी गये सवालों का समाधान करते हुए बतलाया की यह परियोजना यद्यपि राष्ट्रीय उद्यान के 10 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है फिर भी वन्य प्राणियों के जीवन को सुरक्षित करने के लिए वर्तमान में 10 करोड़ रूपये का बजट रखा गया है, जिसमें समयानुसार वृद्धि की जायेगी। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए क्षेत्र में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे और शासन के साथ मिलकर शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता युक्त बनाने का काम किया जायेगा। सी एस आर मद में प्रभावित गाँवों में प्राथमिकता तय करते हुए क्रमशः बुनियादी तौर पर काम किया जायेगा। जन सुनवाई में उठाये गये सवालों का बेबाक पूर्ण जबाब देते हुए श्री रेड्डी ने बताया की भूमि गत खदान से भूमि में दरार आने के बारे में बताया की खदान मे उत्तम कोटि से कोयला निकालने का काम करेगी ताकि भूमि में दरार नहीं आयेगी।

रोजगार संबंधित सवालों का जबाब देते हुए बताया कि हम अपने जरूरत के अनुरूप मैनेजमेंट कोर्स कराते हुए लोगों को प्रशिक्षित करते हुए लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का गुरतर प्रयास करेंगे। जन सुनवाई में जनपद अध्यक्ष मनीष सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य हेमनाथ बैगा, जनपद सदस्य सुरेश पनिका के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोगों ने पर्यावरण के संबंध में, रोजगार की उपलब्धता, जल, वायु, वन्य जीवों और आदिवासियों के हक़ में अपनी बात रखी।